हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 10 अंक : 284 | देहरादून, बृहस्पतिवार, 12 मई, 2022 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 08



सुरक्षित खाद्य, बेहत्तर स्वास्थ्य के तहत प्रदेशभर में पांच से सात जून तक जनजागरूता अभियान : डॉ0 धन सिंह रावत

3

# सरकारी स्कूलों में जाकर बच्चों को प्रेरित करें अधिकारी : मुख्यमंत्री

## अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे गुड गवर्नेंस : सीएम

- तहसील दिवसों, बहुद्देशीय शिविरों में लोगों की समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही हो
- अधिक पेंडेंसी रखने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी
- लोगों को उनके घर में ही सेवाएं मिलें, इसके लिए योजना बनाई जाए
- वरिष्ठ अधिकारी सरकारी स्कूलो में जाकर बच्चों को प्रेरित करें

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिये हैं कि शासन-प्रशासन के निचले स्तर तक गुड गर्वनेंस दिखनी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारी अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक जाकर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। जिलों व तहसीलों मे भी आम जनता से मिलने के लिए समय निर्धारित किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुड गर्वनेंस के संबंध में सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस बैठक में उन्होंने कहा कि तहसील दिवसों का रोस्टर तय किया जाए। बहुउद्देशीय शिविरों का नियमित तौर पर आयोजन किया जाए। इनका रोस्टर बनाकर व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि आमजन इनसे लाभान्वित हो सके। लोगों की शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

**पेंडेंसी पर तय होगी जवाबदेही**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन 1905 व अपणि सरकार पेर्टल पर प्राप्त शिकायतों का क्वालिटी निस्तारण हो। पेंडेंसी कम से कम रहे। अधिक पेंडेंसी रहने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। लोगों को अधिक से अधिक सहूलियत मिले। हम सभी जनता के लिये हैं, लोगों की सेवा के लिये हैं। जनता से जुड़ी प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया जाए। गैर जरूरी औपचारिकताओं को समाप्त किया जाए। प्रत्येक सोमवार को सचिव स्तर पर उनके विभाग से संबंधित जनशिकायतों के



निवारण की समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी को समाज कल्याण और स्वास्थ्य विभाग की अलग से समीक्षा करने के निर्देश दिये।

**सेवा का अधिकार को और मजबूत किया जाए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुड गवर्नेंस लोगों को महसूस होनी चाहिए। इसमें फील्ड लेवल अधिकारियों व कार्मिकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्हें अच्छा परिणाम देने के लिए प्रेरित किया जाए। डीएम इसमें कुशल टीम लीडर की तरह काम करें। साथ ही प्रत्येक स्तर पर प्रभावी और सतत मॉनिटरिंग की जाए। अपणि सरकार पोर्टल में और अधिक सेवाओं को जोड़ा जाए। सेवा का अधिकार एक्ट को और मजबूत किये जाने की जरूरत है। उच्च स्तरीय बैठकों में स्पष्ट निर्णय लिये जाएं और उनका क्रियान्वयन टाईम लिमिट में सुनिश्चित किया जाए। सूचना तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। प्रत्येक विभाग के पास ये डाटा रहना चाहिए कि उनके यहां कितनी पेंडेंसी है। सचिव स्तर से इसकी समीक्षा की जाए। कोई भी फाईल अनावश्यक पेंडिंग न रहे। ई-ऑफिस का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। इससे फाईल ट्रेकिंग आसानी से होती है।

**लोगों को उनके घर में ही सेवाएं मिलें, इसके लिए योजना बनाई जाए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-घर जाकर आम जन को जरूरी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पुख्ता योजना तैयार की जाए। पहले इसे पायलट आधार पर चलाया जाए, बेहतर परिणाम मिलने पर पूरी तरह से लागू की जा सकती है। इससे प्रदेश के युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। तमाम योजनाओं का फायदा, लाभान्वितों को डीबीटी के माध्यम से सच्चे मायनों में मिले, इसकी पुख्ता व्यवस्था की जाए। सचिवालय में सप्ताह में एक दिन नो मीटिंग डे निर्धारित किया जाए, इस दिन सभी अधिकारी अपने कार्यालय में आगंतुकों से मिलने के लिए उपस्थित रहें। .

**मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गुड गर्वनेंस के संबंध में अधिकारियों को दिये महत्वपूर्ण निर्देश**

**वरिष्ठ अधिकारी सरकारी स्कूलो में जाकर बच्चों को प्रेरित करें**

मुख्यमंत्री ने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी समय-समय पर सरकारी स्कूलों में जाएं और बच्चों को पढ़ाएं। उन्हें जीवन में अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरित करें। इससे बच्चों को बड़ी प्रेरणा मिलेगी। गुड गवर्नेंस तभी सम्भव है जब हम सभी के व्यवहार में सुधार आएगा और हम आम जन की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनेंगे। जनसेवा हमारा मिशन होना चाहिए। योजनाओं के आउटकम पर विशेष ध्यान दिया जाए। किस तरह से मितव्ययता रखते हुए रेवेन्यू बढ़ाया जा सकता है, इस पर फोकस किया जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिनिमम गवर्मेंट, मेक्सीमम गवर्नेंस की न केवल बात की है बल्कि उसे प्रभावी तरीके से लागू भी किया है। हमें प्रदेश में भी इस दिशा में काम करना है।

सीएम हेल्पलाईन 1905 और 1064 को और प्रभावी बनाने की जरूरत है। जो समस्याएं जिस स्तर की हों, उनका समाधान उसी स्तर पर हो जाना चाहिए। अंतर्विभागीय समन्वय को बढ़ाने की भी आवश्यकता है।.

बैठक में मुख्य सचिव डा. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, आर मीनाक्षी सुंदरम, नीतेश झा, राधिका झा, दिलीप जावलकर, निदेशक आईटीडीए अमित कुमार सिन्हा सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी और वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित अन्य बैठक में मंडलायुक्त और चम्पावत जिले को छोड़कर सभी जिलों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# चारधाम पहुंचे तीन लाख श्रद्धालु, पहले हफ्ते में बन रहा नया रिकॉर्ड

## बुधवार शाम तक श्री बदरीनाथ एवं केदारनाथ पहुंचे पौने दो लाख से अधिक श्रद्धालु

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड चारधाम पहुंचनेवाले तीर्थयात्रियों की संख्या तीन लाख से अधिक पहुंच गयी है तीर्थयात्रियों ने चारधाम यात्रा के प्रति अति उत्साह देखा जा रहा है पंजीकरण काउंटरों पर लंबी लाईने है तो बड़ी संख्या से सड़क मार्ग एवं हैली से तीर्थयात्री चारधाम पहुंच रहे है। आज शाम तक तक 288464 तीर्थयात्री चारधाम पहुंच गये हैं

तीर्थयात्रियों को हर स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर दी है।श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि श्री बदरीनाथ धाम में 11 मई शाम तक 63337 तीर्थयात्री दर्शन कर चुके है इसी तरह श्री केदारनाथ धाम में कपाट खुलने की तिथि 6 मई से आज 11 मई शाम तक तक 111538 तीर्थयात्रियों ने दर्शन कर लिए हैं। श्री बदरीनाथ धाम में आज चार बजे शाम तक 9365 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये जबकि आज शाम तक 14995 श्रद्धालुओं ने श्री केदारनाथ जी के दर्शन कर लिए है।

श्री गंगोत्री धाम मे तीन मई से 10 मई तक 60630 तथा यमुनोत्री धाम में 52959 तीर्थयात्रियों ने दर्शन कर लिए है।

**श्री गंगोत्री यमुनोत्री पहुंचे सवा लाख पंजीकरण काउंटरों पर लंबी लाईन**

मंदिर समिति ने बताया कि श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय बदरीनाथ धाम एवं श्री केदारनाथ में यात्रा व्यवस्था का जायजा लेकर आजकल बदरीनाथ धाम में यात्रा की मानिटरिंग कर रहे है। अजेंद्र अजय ने यात्रियों से पंजीकरण, स्थानीय यात्रा मार्ग के मंदिरों में दर्शन किये जाने सहित आवासीय व्यवस्थाओं की सुनिश्चितता, स्वास्थ्य सुविधाओं के उपयोग हेतु तीर्थयात्रियों से अपील की है।



# सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी, केदारनाथ धन दा के हवाले



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क (आशीष तिवारी)**

चारधाम यात्रा को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी कैबिनेट मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत को सौंपी है। डॉ0 रावत ने कहा कि केदारनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरस्त करने के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। केदार धाम में तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं को बेहत्तर बनाने के लिए शीघ्र मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की शीघ्र बैठक बुलाई जायेगी।

राज्य में संचालित चारधाम यात्रा को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैबिनेट मंत्रियों को अलग-अलग धामों की यात्रा व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी क्रम में केदारनाथ धाम की यात्रा व्यवस्थाएं कैबिनेट मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत देखेंगे। डॉ0 रावत ने कहा कि केदारनाथ में यात्रा व्यवथाओं को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए स्थानीय जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दे दिये हैं।

उन्होंने कहा कि धाम में तीर्थ यात्रियों की कठिनाईयों को देखते हुए यात्रा व्यवस्था की लगातार मॉनटिरिंग की जायेगी और यात्रियों से फीडबैक भी लिया जायेगा। डॉ0 रावत ने कहा कि केदारनाथ की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए यात्रा रूट पर पूर्व में ही चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दे दिये गये हैं। यात्रा मार्ग पर चिकित्सा इकाईयों में चिकित्सक, फार्मासिस्ट, स्टॉफ व वार्ड व्वाय तैनात किये गये हैं। प्रत्येक यूनिट में ईसीजी मशीन, कार्डिक मॉनिटर, डिफेब्रिलेटर, पोर्टेबल ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ जरूरी जीवनरक्षक दवाईयां उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि धाम में तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों के आवागमन इत्यादि को सुरक्षित, सुगम एवं सुविधायुक्त बनाने के लिये मंदिर समिति के पदाधिकारियों, जिला प्रशासन एवं यात्रा व्यवस्था से जुड़े सभी विभागों के उच्चाधिकारियों की शीघ्र बैठक बुलाकर व्यवस्थाओं को और बेहत्तर बनाया जायेगा।

# प्रीतम का बयान नासमझी भरा दुबई से महाराज का पलटवार

## दुनियां के साथ बैठकर ही पर्यटन की बात करनी पड़ती है : महाराज



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए उत्तराखंड आने के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि दुबई में आयोजित चार दिवसीय अरेबियन ट्रैवल मार्केट (एटीएम) जहाँ दुनियां भर के टूर ऑपरेटर और पर्यटन से जुड़े लोग एकत्र हो रहे हों, ऐसे विश्व स्तरीय आयोजन में उत्तराखंड के प्रतिभाग करने पर उन्हें प्रसन्नता व्यक्त करनी चाहिए थी। उन्हें शायद नहीं पता कि जब पर्यटन को विश्व मानचित्र पर लाने की बात करते हैं तो हमें दुनियां के साथ बैठकर ही बात करनी पड़ेगी।

प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने प्रीतम सिंह के बयान को उनकी अपरिपक्वता और नासमझी बताते हुए कहा कि ने दुबई में आयोजित चार दिवसीय अरेबियन ट्रैवल मार्केट (एटीएम) जहाँ दुनियां भर के टूर ऑपरेटर और पर्यटन से जुड़े लोग इकठ्ठा हो रहे हों, ऐसे विश्व स्तरीय आयोजन में उत्तराखंड के प्रतिभाग करने पर उन्हें प्रसन्नता व्यक्त करनी चाहिए थी। लेकिन उन्होने ऐसा न करके अनाप शनाप बयानबाजी कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में उत्तराखंड पर्यटन को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। अब जबकि विश्व के पर्यटक और इन्वेस्टर यहां आना चाहते हैं, वह यहां के प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ साहसिक पर्यटन, स्कीइंग व अन्य गतिविधियों को देखना चाहते हैं। ऐसे में हमारा प्रयास भी यही है कि अधिक से अधिक पर्यटक और इन्वेस्टर उत्तराखंड आएं। पर्यटन मंत्री को पर्यटन बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार की पहल करनी ही होती है। जहां तक चारधाम यात्रा का सवाल है तो चार धामयात्रा के लिए पूर्व में ही सभी तैयारियां एवं विभागों की मेरे द्वारा मॉनिटरिंग की जा चुकी है। यात्रियों की बढ़ती तादाद को देखते हुए पूर्व में ही स्पष्ट हिदायत दे दी गई है कैरिंग कैपेसिटी और चिकित्सकीय जांच के बाद ही यात्री चारधाम की यात्रा कर सकते हैं।

सतपाल महाराज ने कहा कि दुबई में आयोजित चार दिवसीय अरेबियन ट्रैवल मार्केट (एटीएम) में प्रतिभाग करने का उनका यह कार्यक्रम पहले से ही तय था। हम चाहते हैं कि हमारा एडवेंचर स्पोर्ट्स, स्कीइंग टूरिज्म, होम स्टे बढे. और टिहरी लेक में जल क्रीडाय़ें हों। इसके लिए विदेशों में टूरिज्म की दृष्टि से होने वाली गतिविधियों का आमंत्रण मिलने पर वहां जाना ही पड़ता है।



# एसडीएम और तहसीलदार ड्यूटी लोकेशन से हटे तो कड़ी कार्यवाही डीएम दून के सख्त निर्देश



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून के जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने चार धाम यात्रा और पर्यटन सीजन को गंभीरता से लेकर ड्यूटी निभाने के लिए अपने सभी अफसरों को सचेत किया है। एक निर्देश में उन्होंने कहा है कि जो भी एसडीएम या तहसीलदार लापरवाही बरतते हुए अपनी निश्चित ड्यूटी लोकेशन से नदारद पाया जायेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी। इतना ही नहीं अगर तीर्थयात्रियों के साथ कोई जानमाल की हानि होती है तो इसके सीधे ज़िम्मेदार नदारद अधिकारी ही होंगे। लिहाज़ा डीएम ने कहा है कि सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार अपने-अपने तहसील मुख्यालय पर हर समय उपलब्धता बनाए रखें एवं रात्रि प्रवास सुनिश्चित कर लें।

जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार ने बताया है कि चारधाम यात्रा शुरू होने के बाद यात्रियों एवं पर्यटकों का विभिन्न मार्गों एवं स्थलों पर भारी संख्या में आवागमन बढ़ गया है। इस दौरान कई स्थानों पर यात्रियों के जान-माल की घटना प्रकाश में आई है। यात्रियों की सुविधा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा दैवीय आपदा एवं वनाग्नि इत्यादि की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए समस्त उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को अपने-अपने कार्य स्थलों पर मौजूदगी को डीएम ने बेहद ज़रूरी बताया है।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि अपने-अपने तहसील मुख्यालय पर हर समय उपलब्धता बनाए रखें और रात्रि प्रवास सुनिश्चित करें जिससे यात्रियों, पर्यटकों के आवागमन, दैवीय आपदा एवं वनाग्नि इत्यादि के दौरान किसी प्रकार की असुविधा व जान-माल की स्थिति उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उनके सत्यापन, निरीक्षण आदि में यदि किसी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के अपने मुख्यालय से अलग कहीं पाए जाने की पुष्टि होती है तो संबंधित के विरूद्ध सीधे कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जाएगी और उनकी अनुउपलब्धता की स्थिति में जन एवं पशु हानि के लिए उनका व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा। यही नहीं उनकी मुख्यालय से देहरादून की यात्रा को शासकीय कार्य में कदापि नहीं माना जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि अपरिहार्य परिस्थितियों में संबंधित उप जिलाधिकारी/तहसीलदार उनसे (जिलाधिकारी) अनुमोदन उपरान्त ही मुख्यालय छोड़ सकेंगे।

# सुरक्षित खाद्य, बेहत्तर स्वास्थ्य के तहत प्रदेशभर में पांच से सात जून तक जनजागरूता अभियान : डॉ0 धन सिंह रावत



न्यूज़ वायरस नेटवर्क (आशीष तिवारी )

प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये गये हैं, विशेषकर चार धाम यात्रा के मध्यनजर यात्रा मार्गों पर पड़ने वाले होटल एवं ढ़ाबों में भोजन एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को नजर रखने को कहा गया है। विश्व खाद्य दिवस पर 'सुरक्षित खाद्य, बेहत्तर स्वास्थ्य' थीम को लेकर प्रदेशभर में तीन दिनों तक जनजागरूता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग देहरादून के सभागार में विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने प्रदेशभर में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिए अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यात्रा सीजन के मध्यनजर यात्रा मार्गों पर भोजन एवं अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके साथ ही यात्रा रूट के होटल, रोस्टोरेंट एवं ढ़ाबा संचालकों को विभाग द्वारा जारी खाद्य संरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन कराने को कहा गया है।

उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर पड़ने वाले होटल, रोस्टोरेंट एवं ढ़ाबों में स्वच्छता संबंधी मानकों का पालन किया जाना आवश्यक है। इसके अलावा उपभोक्ताओं को कालातीत खाद्य सामग्री विक्रय न किये जाने, होटल स्वामी सहित अन्य कार्मिकों की स्वास्थ्य संबंधी जांच सुनिश्चित कराने, अवशिष्ट पदार्थों को उचित निस्तारण करने, पीने के पानी की स्वच्छता एवं उचित रख-रखाव की व्यवस्था किये जाने संबंधी निर्देशों का पालन कराने को कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि 7 जून को विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस पर विश्व स्वस्थ्य संगठन की ओर से जारी थीम 'सुरक्षित खाद्य, बेहत्तर स्वास्थ्य' के तहत प्रदेशभर में पांच से सात जून तक जनजागरूता अभियान चलाये जायेंगे। जिसके तहत जागरूता रैली, खाद्य सुरक्षा की शपथ, चर्चा-परिचर्चा, पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, पर्यटन, व्यापार मण्डल, नगर निकाय आदि प्रतिभाग करेंगे।

बैठक में अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषिध प्रशासन अरूणेन्द्र सिंह चौहान, औषधि नियंत्रक ताजबर सिंह, उपायुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषिध प्रशासन आर0 एस0 रावत, जी0सी0 कण्डवाल, अनुज थपलियाल, राजेन्द्र सिंह कठायत, बीरेन्द्र सिंह बिष्ट, ए.के. फुलोरिया, हेमन्त नेगी, एस0एस0 भण्डारी, निशांत त्यागी, नीरज कुमार सहित सभी जनपदों के जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्मार्ट सिटी कार्यों में धांधली की आशंका, कार्यों की जांच हो : पूर्व विधायक राजकुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून स्मार्ट सिटी के तहत लंबे समय चल रहे कार्यों में असमंजस्ता पाने पर देहरादून डीएम आर. राजेश कुमार ने पलटन बाजार और ईसी रोड में स्मार्ट सिटी के तहत जल संस्थान द्वारा कराए गए कार्यों पर जांच के निर्देश दिए हैं । डीएम द्वारा गठित कमिटी में एडीएम एवं स्मार्ट सिटी के एसियो केके मिश्रा अध्यक्ष होंगे । तीन अफसरों को सदस्य बनाया गया है और 15 दिनों के भीतर जांच की रिपोर्ट मांगी गई है ।

देहरादून राजपुर से पूर्व विधायक राजकुमार द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य सचिव को स्मार्ट सिटी कार्यों में की जा रही लापरवाही को लेकर पूर्व में सूचित भी किया गया था एवं ज्ञापन भेज जांच की मांग भी की गई थी । पूर्व में भी राजकुमार द्वारा स्मार्ट सिटी कार्यों में हजारों करोड़ रुपए की धांधली की आशंका जताई गई थी एवं स्मार्ट सिटी का कार्य जल संस्थान, जल निगम, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, एमडीडीए के साथ तालमेल बिठाकर ना करने के कारण जनता को हो रही परेशानियों से अवगत करवाया गया था ।

स्मार्ट सिटी कार्य के तहत पूर्व विधायक राजकुमार ने यह मांग उठाई है कि केवल पल्टन बाजार और ई.सी रोड में किए गए कार्यों की ही जांच ना हो अपितु संपूर्ण स्मार्ट सिटी परियोजना की सिरे से जांच कराई जाए। पूर्व विधायक ने सम्पूर्ण जांच की मांग उठाते हुए मुख्य सचिव को ज्ञापन भेज अपील दर्ज कराई।

पूर्व विधायक का कहना है कि पूर्व से लेकर अब तक क्षेत्रों में खुदाई के कारण सीवर लाइन एवं पाइप की लाइनें टूटी पड़ी है और कई क्षेत्रों में तो पहले से ही पानी की लाइने डाली हुई थी लेकिन वहां फिर से नई लाइनें डाली जा रही हैं जो कि जनता के पैसों की बर्बादी है तथा खुदाई क्षेत्रों को ठीक कराए बिना ऐसे ही रख दिया गया है जिस कारण जनता को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है ।

शहर में फालतू लाइन, आराघर, बलबीर रोड, मोहिनी रोड, राजेश रावत कॉलोनी, मिशन स्कूल नाला, पलटन बाजार, ई.सी रोड़, आर्यनगर, डीएल रोड , चंदर नगर, चुक्खूवाला, कांवली रोड, गुरुद्वारा के आसपास की गलियां लंबे समय से खुदी पडी है जिस कारण रोजमर्रा में आने जाने वाले राहगीरों व क्षेत्रवासियों को अनेक समस्याओं से जूझ ना पड़ रहा है। सचिव को सौंपे अपने ज्ञापन में पूर्व विधायक राजकुमार ने स्पष्टतः स्मार्ट सिटी कार्यों में हो रही व स्मार्ट सिटी बजट में आवंटित कई सौ करोड़ की धनराशि में धांधली की आशंका जताई एवं शीघ्र अतिशीघ्र स्मार्ट सिटी के संपूर्ण कार्यों की निचले सिरे से जांच कराने की मांग की।

# देर रात बद्रीनाथ धाम की सुरक्षा और पुलिस ड्यूटी का एसपी श्वेता चौबे ने किया रियलिटी चेक, दिए निर्देश



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पुलिस अधीक्षक चमोली श्वेता चौबे ने देर रात पुलिस बल के साथ श्री बद्रीनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को कई अहम निर्देश दिए है ।

पुलिस अधीक्षक चमोली श्रीमती श्वेता चौबे सुरक्षित चारधाम यात्रा की व्यवस्था का रियलिटी चेक करते हुए श्री बद्रीनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया।

धाम के सभी प्रमुख मार्गों और पड़ाव पर प्रत्येक ड्यूटी प्वाइंट को चेकिंग करते हुए देर रात स्पॉट पर ही पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया।

एसपी चमोली ने सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी संबधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए है आइए डालते है एसपी श्वेता चौबे के क्या है अहम निर्देश -

1- श्री बद्रीनाथ धाम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है जिससे मंदिर दर्शन हेतु अत्यधिक भीड़ हो रही है इसलिए सभी दर्शनार्थियों को कतारबद्ध कर दर्शन हेतु भेजा जाए।

2- सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी ध्यान रखा जाए।

3- दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्ग यात्रियों का विशेष ध्यान रखा जाए।

4- यात्रियों के साथ सौहार्दपूर्ण एवं मानवीय व्यवहार किया जाए।

5- ड्यूटी में किसी भी प्रकार की कोताही ना की जाए।

6- यात्रियों से संबंधित जरूरी दिशा निर्देश लगातार अनाउंस किये जायें।

7- बद्रीनाथ धाम में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को नियमित रूप से चैक किया जाए,व सेन्ट्रल कंट्रोल रूम से लगातार सीसीटीवी कैमरों की मदद से लगातार धाम की निगरानी की जाए।



पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशों का सख्ती से पालन करने ही हिदायत दी है जिससे यात्रियों को कोई भी दुश्वारी न हो।

# बालश्रम होने पर सेवायोजकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये : अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वीर सिंह बुदियाल की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन हेतु गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016 के अन्तर्गत जनपद में बाल एवं किशोर श्रम की रोकथाम, राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना के सर्वे की स्थिति, पेन्सिल पोर्टल का व्यापक प्रचार-प्रसार, चिह्नित बाल श्रमिकों का शैक्षिक पुनर्वासन, बाल एवं किशोर श्रम की रोकथाम के लिये प्रभावी कदम उठाये जाने, के सम्बन्ध में विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।



श्रम विभाग के अधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को बताया कि बाल एवं किशोर श्रम की रोकथाम एवं उन्मूलन के लिये समय-समय पर स्थलीय निरीक्षण एवं सर्वेक्षण किये जाते हैं, गैर सरकारी संगठनों, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ मिलकर औद्योगिक प्रतिष्ठानों, दुकानों, वाणिज्यिक अधिष्ठानों में जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाते हैं। इसके अतिरिक्त यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों के बाहर सेवायोजक द्वारा बाल एवं किशोर श्रम नियोजित करना दण्डनीय अपराध है, की सूचना प्रदर्शित की जाती है तथा सर्व साधारण से भी बाल एवं किशोर श्रम की रोकथाम हेतु अपील की जाती है। वीर सिंह बुदियाल द्वारा पेन्सिल पोर्टल (www.pencil.gov.in) के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 यथा संशोधित अधिनियम 2016 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं बाल श्रम की रोकथाम व निगरानी हेतु पेन्सिल पोर्टल निर्मित किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी नागरिक बाल श्रम तथा खतरनाक प्रक्रियाओं में बाल/किशोर के नियोजन के सम्बन्ध में इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर सकता है, जिसके अनुसार पोर्टल पर दर्ज शिकायत का निस्तारण किया जाता है। इस पर अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल एवं किशोर श्रम की रोकथाम एवं उन्मूलन हेतु कारगर कदम उठाते हुये, इस पोर्टल का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगर बाल व किशोर श्रम के कहीं से भी मामले प्रकाश में आते हैं, तो ऐसे सेवायोजकों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये तथा सम्बन्धित बच्चे के साथ सौहार्द्र का व्यवहार करते हुये, उसकी पारिवारिक पृष्ठभूमि तथा कार्य करने की मजबूरी का भी पता लगया जाये। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाने के साथ ही उनके पुनर्स्थापन के लिये भी कार्य करने की आवश्यकता है।

# चार धाम में अब तक 23 मौतें, कोई भी मृत्यु सरकारी अस्पताल में नहीं : डीजी हेल्थ, उत्तराखंड




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड की महत्वपूर्ण चार धाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर महानिदेशक डॉ शैलजा भट्ट ने यात्रा मार्ग से संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। डॉक्टर भट्ट ने मीडिया को जारी बयान में बताया है कि चार धाम यात्रा के महत्वपूर्ण धाम केदारनाथ मार्ग में आठ स्थाई चिकित्सालय और 14 अस्थाई मेडिकल पोस्ट बनाए गए हैं गंगोत्री मार्ग में 10 स्थाई चिकित्सालय और 3 अस्थाई मेडिकल पोस्ट बनाए गए हैं , बद्रीनाथ मार्ग पर 19 स्थाई चिकित्सालय और दो अस्थाई मेडिकल रिलिंग पोस्ट और यमुनोत्री मार्ग पर 11 स्थाई चिकित्सालय और 4 अस्थाई मेडिकल रेलिंग पोस्ट काम कर रहे हैं।

यमुनोत्री मार्ग पर 8 फर्स्ट मेडिकल इकाइयां भी उपलब्ध है , यात्रियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए 132 डॉक्टरों को अलग-अलग अस्पतालों में तैनात किया गया है और सभी को 24 घंटे मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। महानिदेशक ने बताया कि आकस्मिक उपचार एवं दुर्घटना ट्रामा के दौरान रक्त की आवश्यकता को देखते हुए यात्रा मार्ग में आठ ब्लड बैंक और चार ब्लड स्टोरेज यूनिट भी संचालित किए जा रहे हैं।

यात्रियों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सूचना के लिए 104 हेल्पलाइन काम कर रही है जबकि 108 आपातकालीन सेवाओं की 102 एंबुलेंस और एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस भी इस यात्रा के लिए प्रमुख एवं संवेदनशील स्थानों पर तैनात किए गए हैं। चार धाम यात्रा के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों में हुई 23 यात्रियों की आकस्मिक एवं दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु के कारण के बारे में जानकारी देते हुए महानिदेशक ने कहा कि इसमें से कोई भी मृत्यु अस्पताल में नहीं हुई और मृत्यु से पहले कोई भी यात्री चिकित्सालय पर उपचार के लिए नहीं लाया गया। सभी मृत्यु के संभावित कारणों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि ये सभी मौतें आकस्मिक हार्ट अटैक , हाइपर टेंशन , पहले से कोविड-19 होना पाया गया है।

# क्रिकेटर सहवाग पहुंचे त्रिजुगीनारायण शादी में शामिल हुए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अपने मैनेजर के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए त्रियुगीनारायण मंदिर पहुंचे पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग को देखकर पहाड़ में उनके प्रशंसकों की भीड़ जुट गयी। धुरंधर वीरू को अपने बीच पाकर यहां लोग बेहद उत्साहित नजर आए। इस दौरान वीरू ने भी यहां लोगों से बातचीत कर त्रियुगीनारायण मंदिर के बारे में जानकारी भी ली। साथ ही आराध्य की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद भी लिया।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग बेहद सादगी और सामान्य यात्री की तरह त्रियुगीनारायण पहुंचे थे। वह सीतापुर में एक होटल में ठहरे। इसके बाद वह शिव-पार्वती की विवाह स्थली त्रियुगीनारायण पहुंचे, जहां वह अपने मैनेजर अमृतांश और नेहा के विवाह समारोह में शामिल हुए।

पारंपरिक रीति-रीवाजों के साथ हुए इस विवाह समारोह में दोनों पक्षों के परिजन व अन्य नजदीकी लोग शामिल थे। इस दौरान पूर्व क्रिकेटर सहवाग ने स्थानीय लोगों ने त्रियुगीनारायण मंदिर के बारे में जानकारी लेते हुए स्वयं भी आराध्य की पूजा-अर्चना करते हुए घर, परिवार की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।





# लखनऊ को ध्वस्त कर गुजरात प्लेऑफ में

पुणे (एजेंसी)। अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान (24 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर गुजरात टाइटंस ने मंगलवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स को 62 रन से धूल चटाते हुए आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में प्रवेश कर लिया।

गुजरात ने चार विकेट के नुकसान पर 144 रन बनाये और लखनऊ को 13.5 ओवर में में मात्र 82 रन पर ढेर कर दिया। गुजरात की 12 मैचों में यह नौवीं जीत है और वह 18 अंकों के साथ प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है। लखनऊ को 12 मैचों में चौथी हार का सामना करना पड़ा लेकिन वह 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।




गुजरात की पारी में सलामी बल्लेबाज़ शुभमन गिल ने सात चौकों की मदद से सबसे ज़्यादा 63 रन बनाये, लेकिन उन्होंने इस निजी स्कोर के लिए 49 गेंदें खेलीं। इसके अलावा ओपनिंग करने उतरे ऋद्धिमान साहा ने 11 गेंदों पर पांच रन, मैथ्यू वेड ने सात गेंदों पर 10 रन और कप्तान हार्दिक पांड्या ने 13 गेंदों पर 11 रन बनाये। डेविड मिलर के 26 (24) और राहुल तेवतिया के 22(16) की बदौलत गुजरात लखनऊ को 145 रन का लक्ष्य दे पाई।

लखनऊ की कसी हुई गेंदबाज़ी की बदौलत गुजरात अपनी पारी में सिफऱ् एक छक्का लगा सकी।

सूपरजाइंट्स के तेज़ गेंदबाज़ आवेश ख़ान ने अपने चार ओवरों में 26 रन देकर दो विकेट झटके, जबकि मोहसिन खान ने अपने चार ओवरों में एक विकेट के बदले 18 रन दिये। क्रुणाल पांड्या ने अपने चार ओवर के कोटे में 24 रन दिये। लखनऊ की इकोनॉमिकल गेंदबाज़ी के बीच महंगे साबित हुए जेसन होल्डर ने 41 रन देकर एक विकेट लिया।

गुजरात ने 144 रन का साहसिक ढंग से बचाव कर लिया और आधिकारिक रूप से प्लेऑफ़ के लिए चलीफ़ाई करने वाली पहली टीम बन गयी। आज के मैच में उनके गेंदबाज़ों ने जिस तरीक़े की गेंदबाज़ी की, उसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। गुजरात के तेज़ गेंदबाज़ों ने पहले पावरप्ले में धारदार गेंदबाज़ी करते हुए विकेट हासिल किए और फिर बाक़ी का काम राशिद और अपना पहला मैच खेल रहे साई किशोर ने कर दिया।

राशिद ने दीपक हुड्डा, क्रुणाल पांड्या, जैसन होल्डर और आवेश खान के विकेट झटके। साई किशोर ने आयुष बदौनी और मोहसिन खान को आउट किया। मोहम्मद शमी ने लखनऊ के कप्तान लोकेश राहुल का विकेट लिया। दीपक हुड्डा ने 26 गेंदों पर सर्वाधिक 27 रन बनाये जबकि क्विंटन डी कॉक ने 11 और आवेश खान ने दो छक्कों के सहारे 12 रन बनाये। मार्कस स्टॉयनिस दो रन बनाकर रन आउट हुए।

गुजरात की तरफ से राशिद के चार विकेटों के अलावा यश दयाल और साई किशोर ने दो - दो विकेट लिए।

# प्लेऑफ की एक टीम हुई फाइनल, अब 8 टीमों के बीच 3 पायदानों के लिए होगी जंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2022 पॉवन्टस टेबल की बात करें तो हार्दिक पांड्या की कप्तानी वाली गुजरात टाइटन्स ने फिर से टॉप पर कब्जा जमा लिया है। 18 अंक गुजरात की टीम ने हासिल कर लिए हैं और इसी के साथ इस टीम ने आईपीएल 2022 के प्लेऑफ के लिए चलीफाई कर लिया है। अभी तक लखनऊ सुपर जाएंट्स पहले पायदान पर थी।

दोनों टीमों के खाते में 16-16 अंक थे, लेकिन नेट रन रेट लखनऊ का बेहतर था। वहीं, आईपीएल 2022 के प्लेऑफ के लिए अब एक टीम फाइनल हो गई है, जबकि बाकी बचे तीन पायदानों के लिए अब 8 टीमों में जंग होगी, क्योंकि मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है।

गुजरात ने चलीफाई कर लिया है, जबकि मुंबई बमुश्किल 10 अंकों तक पहुंच पाएगी। ऐसे में बाकी 8 टीमों के पास प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है, लेकिन अपने दम पर चलीफाई करने का मौका कुछ ही टीमों के पास है।

मौजूदा समय में आईपीएल 2022 के प्लेऑफ के बाकी बचे तीन पायदानों पर कब्जा जमाने का मौका लखनऊ सुपर जाएंट्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के पास है। यही वो टीमें हैं, जिनके खाते में 14 या इससे ज्यादा अंक हैं। लखनऊ के खाते में 16, राजस्थान और बैंगलोर के खाते में 14-14 अंक हैं। दिल्ली कैपिटल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और पंजाब किंग्स के पास 16-16 अंकों तक पहुंचने का मौका है।

वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स और चेन्नई सुपर किंग्स 14-14 तक पहुंच सकती हैं। इनके लिए प्लेऑफ में पहुंचना तभी संभव होगा, जब इन टीमों के हिसाब से बाकी टीमों के नतीजे आएं। ऐसे में यही हो सकता है कि राजस्थान और बैंगलोर अपने बाकी के एक भी मैच न जीतें और दिल्ली समेत हैदराबाद और पंजाब भी सिर्फ 14-14 अंक तक पहुंच पाएं। इस स्थिति में नेट रन रेट के आधार पर केकेआर और सीएसके के पास चलीफाई करने का मौका होगा।

# मर्सिडीज़-बेंज ने लाँच की नयी सी-क्लास, शुरूआती कीमत 55 लाख

नयी दिल्ली (एजेंसी)। लक्जरी कार बनाने वाली कंपनी मर्सिडीज़-बेंज ने आज पांचवी पीढ़ी की नयी सी-क्लास को भारतीय बाजार में लाँच करने की घोषणा की जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर एक्स शोरूम शुरूआती कीमत 55 लाख रुपये है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नई सी-क्लास (डब्ल्यू206) अत्यधिक डिजिटल एवं सस्टेनेबल होने के साथ ही लक्जरी कम्फर्ट और स्पोर्टीनेस के पसंदीदा पैकेज के साथ पेश की गयी है।

मर्सिडीज़-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मार्टिन श्वेंक ने कहा सी-क्लास को भारतीय ग्राहकों ने हमेशा से बहुत पसंद किया है और इसके पास 37,000 से ज्यादा सी-क्लास ग्राहकों की निष्ठा है। ग्राहकों की अप्रत्याशित दिलचस्पी हमारी अपेक्षाओं को भी पार कर गई और हमें इसके लॉन्च से पहले ही 1000 बुकिंग मिल गईं, जिसके बाद यह आज बाजार में प्रस्तुत सबसे ज्यादा अपेक्षित लग्जरी कारों की सूची में आ गई। हम ये कारें जल्द से जल्द अपने ग्राहकों तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। नई सी-क्लास इस साल हमारे द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले उत्पादों की शुरुआत का संकेत है। इस कार पर दो से तीन महीने की प्रतीक्षा चल रही है।

श्री श्वेंक ने बताया कि सी-क्लास दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल में से एक है, और आज के तकनीकी रूप से समझदार ग्राहकों की लग्जरी कार से जो अपेक्षाएं हैं, उन्हें प्रतिबिंबित करता है।

इनमें स्पोर्टी और आधुनिक डिज़ाईन एवं लग्जरीपूर्ण कम्फर्ट के साथ मानव-केंद्रित इनोवेशन है। इस कार में आईएसजी टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल किया गया है, जो सर्वश्रेष्ठ पॉवर एवं सर्वश्रेष्ठ फ्यूल इकॉनॉमी प्रदान करती है। नई सी-क्लास में फ्लैगशिप एस-क्लास का डीएनए है, और इसमें मुख्य लग्जरी एप्वाईंटमेंट्स के साथ लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी, जैसे एनजीटी 7 इन्फोटेनमेंट, लेटेस्ट जनरेशन एआई पॉवर्ड एमबीयूएक्स , क्रांतिकारी कार टू एक्स कम्युनिकेशन जैसी खूबियां हैं, जिनके कारण नई सी-क्लास भारत में मौजूद सबसे आधुनिक सी-क्लास है।

उन्होंने कहा कि यह नयी कार तीन इंजन वैरिएंट के विकल्प में उपलब्ध है। सी 200, सी 220 डी और सी 300 डी शामिल है। सी 200 में 1496 सीसी का पेट्रोल इंजन है जो 16 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज देता है। इसी तरह से 220 डी और 300 डी में 1993 सीसी का डीजल इंजन है जो क्रमशः 23 किलोमीटर प्रति लीटर और 20.37 किलोमीटर प्रति लीटर का माइलेज देता है।

# लखनऊ सुपर जायंट्स की शर्मनाक हार पर भड़क़े गंभीर मैच के बाद खिलाड़ियों को जमकर लगाई डांट

पुणे (एजेंसी)। आईपीएल 2022 में मंगलवार को सीजन का 57वां मैच खेला गया, जिसमें पॉइंट टेबल की दो टॉप टीमें आमने-सामने थी। बेस्ट वर्सेस बेस्ट की इस लड़ाई में गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 62 रन से करारी मात देकर आईपीएल 2022 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। लखनऊ सुपर जायंट्स के पास अभी प्लेऑफ में पहुंचने का मौका है क्योंकि टीम के 16 अंक है और उसे अभी दो मैच और खेलने हैं। हालांकि टीम की शर्मनाक हार के बाद मेंटॉर गौतम गंभीर बहुत नाराज दिखे। मैच के बाद गंभीर ने खिलाडियों की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने कहा कि हारने में कोई बुराई नहीं है, लेकिन हार मान लेना बहुत गलत बात है। रुस्त्र ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें गंभीर मैच के बाद खिलाडियों से बात करते हुए नजर आ रहे हैं। गंभीर ने कहा, मुझे लगता है कि आज हमने लड़ाई लड़ी ही नहीं। हम कमजोर नजर आए। ईमा से कहूं तो आईपीएल जैसे टूर्नामेंट में कमजोर नजर आने की कोई गुंजाइश नहीं है। हारने में कोई बुराई नहीं है। मैच में एक टीम जीतेगी, एक हारेगी। लेकिन हार मान जाना बहुत गलत है। आज हमने इस टूर्नामेंट में टीमों को हराया है और इस टूर्नामेंट में हम बहुत अच्छा खेले हैं।



लखनऊ ने पहले गेंदबाजी करते हुए अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गुजरात को चार विकेट पर 144 रन पर रोक दिया। लेकिन बल्लेबाजी टीम को ले डूबी। दीपक हुडडा को छोडक़र टीम का कोई भी बल्लेबाज टिक कर नहीं खेल सका और पूरी टीम 13.5 ओवर में 82 रन पर ढेर हो गई। गुजरात के लिए लेग स्पिनर राशिद खान ने 4 विकेट चटकाए।

गंभीर ने आगे कहा, उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और हम इसकी उम्मीद भी करते हैं। वह विश्वस्तरीय टीम हैं और उनके पास विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं। लेकिन आप इंटरनेशनल गेंदबाजों के खिलाफ खेल रहे हैं और हम चाहते हैं कि टीमें हमें चुनौतियां दें। हम चुनौतियों का सामना करना चाहते हैं और इसीलिए हम प्रैक्टिस करते हैं।

(नई दिल्ली)हार के बाद केएल राहुल के चेहरे पर दिखी टेंशन, इन पर फोड़ा ठीकरा

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2022 में मंगलवार को केएल राहुल की कप्तानी वाली लखऊ सुपर गेंट टीम को गुजरात टाइटन के खिलाफ 62 रनों से हार का सामना करना पड़ा। लखनऊ सुपर जायन्ट्स ने गुजरात टाइटन्स को 144 रनों पर रोक दिया था, लेकिन जवाब में पूरी टीम महज 82 रनों पर सिमट गई।केएल राहुल ने गेंदबाजों को पूरा श्रेय दिया लेकिन हार के लिए बल्लेबाजों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, हम सभी को पता है कि यह विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं है। हमने यहां जो पिछले दो या तीन मैच खेले उसमें ऐसा ही हुआ। हमें पता था कि यह पिच बल्लेबाजी के लिए चुनौतीपूर्ण है। लेकिन मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छी गेंदबाजी की। राहुल ने कहा, किसी भी पिच पर विरोधी टीम को 150 रन से कम के स्कोर पर रोकना सराहनीय है। हमें हालांकि बेहतर बल्लेबाजी करनी चाहिए थी। कुछ खराब शॉट चयन और रन आउट से स्थिति और खराब हो गई। उम्मीद करते हैं कि इस मुकाबले से सबक लेंगे।

# भारत आएगा ओमान का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल

नयी दिल्ली (एजेंसी)। ओमान का 48 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल वहां के वाणिज्य, उद्योग एवं निवेश संवर्धन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल युसुफ के नेतृत्व में 10 से 14 मई तक भारत का दौरा करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, खनन, पर्यटन, दूरसंचार, ऊर्जा, जहाजहरानी तथा रियल एस्टेट सहित विभिन्न क्षेत्रों के वरिष्ठ अधिकारी तथा व्यवसायी शामिल हैं। देश के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने कहा कि यात्रा इस कार्यक्रम में 11 मई को दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी राजधानी में आयोजित होने वाले भारत-ओमान संयुक्त आयोग बैठक (जेसीएम) के 10वें सत्र में भाग लेंगे जिसकी सह-अध्यक्षता भारत सरकार के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा ओमान के वाणिज्य, उद्योग एवं निवेश संवर्धन मंत्री कैस बिन मोहम्मद अल युसुफ करेंगे। कार्यक्रम में 12 मई को भारत-ओमान संयुक्त व्यवसाय परिषद (जेबीसी) की संयुक्त रूप से फिक्की तथा ओमान वाणिज्य एवं उद्योग चैंबर द्वारा एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जेबीसी में दोनों पक्षों के मंत्रियों की सहभागिता होगी जो उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे तथा भारत एवं ओमान के व्यवसाय समुदायों के साथ परस्पर बातचीत करेंगे। इस दौरे के दौरान नयी दिल्ली एवं मुंबई में व्यवसाय कार्यक्रमों, उद्योग जगत के साथ परस्पर बातचीत, निवेशकों की बैठकों से संबंधित कार्यक्रमों तथा इसी प्रकार के अन्य कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2021-2022 के दौरान 82 प्रतिशत बढ़ कर 9.94 अरब डॉलर तक पहुंच गया है।



# ओमेगा -3 युक्त भंगजीरे की उन्नत प्रजाति से बढ़गी किसानों की आय : गणेश जोशी

## कृषि मंत्री ने किसानों को वितरित किया भंगजीरे की उन्नत प्रजाति का बीज






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कृषि मंत्री गणेश जोशी द्वारा ''उत्तराखण्ड में भंगजीरा को नगदी फसल के रुप में शुभारम्भ'' किया गया। सगन्ध पौधा केन्द्र, सेलाकुई, (कैप) आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक सहदेव पुण्डीर द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान कृषि मंत्री द्वारा राज्य के विभिन्न जनपदों के दूरस्थ क्षेत्रों से आये कृषकों को भंगजीरा बीज का वितरण भी किया गया।

कृषि मंत्री द्वारा सेलाकुई में नव निर्मित प्रयोगशालाओं यथा एस0सी0एफ0ई0, प्रोसेस डेवलपमेन्ट एवं वैल्यू एडिशन, प्लांट साइन्स, प्रोडक्ट डेवलपमेन्ट आदि का भ्रमण भी किया तथा वर्तमान में संचालित शोध एवं विकास कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त की। तदोपरान्त प्रदर्शन फार्म तथा प्रयोगात्मक फार्म में रोपित विभिन्न सगन्ध प्रजातियों का भी अवलोकन कर उनके आर्थिकी लाभ एवं उपयोगिता के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

डा0 नृपेन्द्र चौहान, कैप, निदेशक द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुये कैप द्वारा राज्य के एरोमैटिक सेक्टर में किये गये कार्यो की प्रगति से अवगत कराया गया कि वर्ष 2002 में एरोमैटिक सेक्टर का टर्नओवर लगभग 02 करोड था, जो कि आज बढकर 82 करोड प्रतिवर्ष हो गया है। अब तक लगभग 7200 हे0 भूमि में 21000 से अधिक किसानों द्वारा एरोमैटिक फसलों की खेती की जा रही है। तदोपरान्त डा0 सुनील साह, वैज्ञानिक-डी द्वारा पैरिला प्रजाति की आर्थिकी के सम्बन्ध में उपस्थित प्रतिभागियों को एक प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया गया।

कृषि मंत्री ने कहा कि वैज्ञानिकों द्वारा किये जा रहे शोध एवं विकास कार्य को किसानों के खेत तक ले जाकर राज्य में हो रहे पलायन को रोका जा सकता है। राज्य की बिखरी जोत को स्वैच्छिक चकबन्दी से पुनः आबाद किया जा सकता है। इसके लिए प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को पूर्ण जिम्मेदारी से कार्य करना होगा। किसानों एवं विभागीय अधिकारियों का सदैव सीधा संवाद होना चाहिए, जिस हेतु इस माह के अन्त तक कॉल सेन्टर स्थापना उपरान्त, कार्य करना आरम्भ कर देगा। उन्होंने वैज्ञानिकों को निर्देशित किया कि पैरिला की खेती से प्रतिवर्ष आय को बढ़ाने हेतु आवश्यक प्रयास करने के साथ ही माध्यमिक स्तर के स्कूली विद्यार्थियों को सगन्ध प्रजातियों की जानकारी हेतु कैप के भ्रमण हेतु कार्यक्रम चलाये जाय।

# केरल में टमाटर फ्लू की दस्तक 80 से ज्यादा बच्चे हुए बीमार



तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। राज्य के कई हिस्सों में टमाटर फ्लू के मामले दर्ज किए जा रहे हैं। अब तक इस वायरल बीमारी ने बड़ी संख्या में बच्चों को अपना शिकार बनाया है। खास बात है कि इन संक्रमितों की उम्र पांच वर्ष से कम है। अनुमान लगाया जा रहा है कि ये आंकड़े अभी और बढ़ सकते हैं।

अब तक 80 से ज्यादा बच्चे इस वायरल बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। केरल के पड़ोसी जिलों में से एक में टमाटर फ्लू को रोकने के लिए मेडिकल टीम कोयंबटूर में प्रवेश करने वालों के बुखार, चकत्ते और अन्य बीमारियों की जांच तमिलनाडु-केरल सीमा पर वालयार में किया जा रहा है।

टीम की अगुवाई दो मेडिकल अधिकारी कर रही हैं। इस दौरान खासतौर से बच्चों की जांच की जा रही है। इसके अलावा 24 सदस्यीय एक और टीम गठित की गई है, जो आंगनवाडियों में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की जांच करेगी।

क्या है टमाटर फ्लू?

टमाटर फ्लू एक अज्ञात बुखार है, जो अधिकांश रूप से केरल में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में पाया जाता है। इस फ्लू की चपेट में आने के बाद बच्चों के शरीर पर चकत्ते और छाले हो जाते हैं। ये निशान आमतौर पर लाल रंग के होते हैं, जिसके चलते इसे टमाटर फ्लू कहा जाता है।

कथित तौर पर फिलहाल इस मुद्दे पर बहस जारी है कि यह बीमारी वायरल फीवर है या चिकनगुनिया या डेंगू के बाद होने वाला असर है। यह बीमारी केरल के छोटे हिस्से में पाई गई है, लेकिन स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि अगर इसे रोकने के उपाय नहीं किए गए, तो वायरस आगे फैल सकता है।

क्या हैं इसके लक्षण?

इस बीमारी के मुख्य लक्षण चकत्ते, छाले होते हैं, जिनका रंग लाल होता है। साथ ही इस मरीज को त्वचा संबंधी परेशानी और डिहाइड्रेशन भी हो सकती है। इसके अलावा संक्रमित बच्चों को तेज बुखार, बदन दर्द, जोड़ों में सूजन, थकान, पेट में थकान, उल्टी, दस्त, हाथ, घुटनों का रंग बदलना, खांसी, छींकना और नाक बहने जैसी परेशानियां हो सकती हैं।

# योगी आदित्यनाथ, अनुराग ठाकुर और स्मृति ईरानी समेत 40 नेता सीएम धामी के लिए करेंगे चुनाव प्रचार



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तराखंड में चंपावत विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, प्रदेश के चार पूर्व मुख्यमंत्रियों समेत 40 दिग्गज नेता प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते नजर आएंगे। चंपावत उपचुनाव के लिए भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है।

इस सूची में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख एवं उत्तराखंड से राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी के अलावा कई केंद्रीय मंत्रियों, पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद, विधायक, धामी कैबिनेट के मंत्रियों के अलावा प्रदेश के चार पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी शामिल किया गया है।

स्टार प्रचारकों की इस सूची के मुताबिक, भाजपा चार पूर्व मुख्यमंत्रियों तीरथ सिंह रावत, त्रिवेंद्र सिंह रावत, विजय बहुगुणा और रमेश पोखरियाल निशंक को भी वर्तमान मुख्यमंत्री धामी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए उतारने जा रही है। इनके अलावा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा, केंद्रीय मंत्री एवं उत्तराखंड से लोक सभा सांसद अजय भट्ट, प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, प्रदेश संगठन महासचिव अजेय कुमार, धामी कैबिनेट के सभी मंत्रियों सतपाल महाराज, गणेश जोशी, धन सिंह रावत, सुबोध उनियाल, सौरभ बहुगुणा, रेखा आर्य, प्रेमचंद अग्रवाल, चंदन राम दास को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है।

भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव दीप्ति रावत, नरेश बंसल, राजेन्द्र भंडारी, कुलदीप कुमार, सुरेश भट्ट, सरिता आर्य, किरण देवी, दीप चंद्र पाठक, कैलाश गहतोड़ी, हरभजन सिंह चीमा, प्रेम सिंह राणा, ज्योति राय, विनोद प्रजापति, लीलावती राणा, हिमा जोशी और प्रेमा पांडेय को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया गया है।

चंपावत विधानसभा सीट से भाजपा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट पर 31 मई को उपचुनाव होना है। मुख्यमंत्री बने रहने के लिए धामी का यहां से जीतना बहुत जरूरी है।


# राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 190.67 करोड़ से अधिक लगे टीके

नई दिल्ली । भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 190.67 करोड़ (1,90,67,50,631) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,37,57,172 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है।

12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च,2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 3.09 करोड़ (3,09,04,928) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक भी 10 अप्रैल,2022 को प्रारंभ की गई थी।

भारत में सक्रिय मामले आज 19,494 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.05 प्रतिशत हैं। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 98.74 प्रतिशत है।पिछले 24 घंटों में 2,986 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढक़र 4,25,66,935 हो गई है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 2,897 नए मामले सामने आएं। 24 घंटों में कुल 4,72,190 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 84.19 करोड़ से अधिक (84,19,86,891) जांच की गई हैं।

## संपादकीय




### स्वास्थ्य सेवाएं

ग्रामीण इलाकों के 5000 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में 22 हजार स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की दरकार है. इसके बनिस्पत स्वीकृत पद 13,637 ही हैं, जिसमें अभी भी 9268 पदों पर नियुक्ति नहीं है. मध्य प्रदेश में 945 स्वीकृत पदों में 902, बिहार में 836 में से 730, झारखंड में 498 में से 684 पद रिक्त हैं. हालांकि, दक्षिण भारतीय राज्यों में यह स्थिति थोड़ी बेहतर है. केरल ही मात्र ऐसा राज्य है, जहां कोई रिक्ति नहीं है. डॉक्टरों द्वारा कॉरपोरेट अस्पतालों का रुख कर लेने से यह स्थिति कई राज्यों में साल दर साल खराब होती गयी. साल 2005 में स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की 46 प्रतिशत कमी थी, जो वर्तमान में 68 प्रतिशत हो चुकी है. ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल को लेकर सरकारी उदासीनता भी चिंताजनक है, वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ जैसी संस्थाओं द्वारा भी इस दिशा में कोई सार्थक प्रयास नहीं दिखता. भारी-भरकम फीस देकर मेडिकल की पढ़ाई करनेवाले छात्र सरकारी सेवाओं की बजाय निजी क्षेत्र का रुख कर लेते हैं. ग्रामीण इलाकों में रेडियोग्राफर, नर्सिंग स्टाफ और लैब टेक्नीशियन जैसे सहयोगी मेडिकल स्टाफ की भी कमी बनी हुई है. बिहार के ग्रामीण इलाके में एक भी रेडियोग्राफर नहीं है. अमूमन, गांवों के मरीज अस्पताल तब पहुंचते हैं, जब बीमारी चरम दशा में होती है. बीमारियों का स्पष्ट लक्षण दिखने तक वे इसे नजरअंदाज करते रहते हैं, जिससे इलाज मुश्किल हो जाता है. दूसरा, ग्रामीण भारत में प्रति 10000 आबादी पर सरकारी अस्पतालों में बिस्तर मात्र 3.2 ही हैं, जो डब्ल्यूएचओ के अनुशंसित स्तर से काफी कम हैं. हालांकि, सार्वभौमिक, सस्ती और गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के मकसद से सरकार अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन और आयुष्मान भारत इस दिशा में सकारात्मक पहल है. फिर भी, आबादी का बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच से बाहर बना हुआ है. इसमें निजी क्षेत्रों की अहम भूमिका हो सकती है. साथ ही, जागरूकता कार्यक्रमों, स्वास्थ्य कैंपों से लोगों को गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत किया जा सकता है. टेलीमेडिसिन स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त असमानता को भरने में महत्वपूर्ण है. टेलीकंसल्टेशन विधा दूरदराज इलाकों में भी बीमारियों के लक्षण पहचानने और उसके उपचार में सहायक साबित हो सकती है. यदि सार्वजनिक और निजी क्षेत्र संयुक्त रूप से सार्थक और समुचित प्रयास करें, तो ग्रामीण भारत को स्वास्थ्य देखभाल के मामलों में आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा.

## मोहाली ग्रेनेड अटैक : हमलावरों को 3 दिन तक पनाह देने वाला शख्स पकड़ा गया, लॉन्चर भी बरामद

मोहाली (एजेंसी)। मोहाली ग्रेनेड हमले के पीछे कथित भूमिका वाले 26 वर्षीय निशान सिंह को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पंजाब पुलिस राज्य की खुफिया शाखा के कार्यालय में तीसरी मंजिल पर हुए रॉकेट हमले की जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि निशान सिंह तरनतारन जिले का है और उस पर डकैती और फरीदकोट और तरनतारन में आर्म्स एक्ट सहित पांच मामले हैं। पुलिस ने बताया कि आरपीजी हमले से पहले निशान सिंह ने दो आरोपियों को तीन दिन तक अमृतसर में पनाह दी थी।

इससे पहले पंजाब पुलिस ने हमले में इस्तेमाल किया गया लॉन्चर बरामद कर लिया है। मोहाली पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की गई है। हमले में इस्तेमाल किए गए लांचर को पुलिस ने बरामद कर लिया है और मामले में सामने आए सभी सुरागों का बारीकी से पता लगाया जा रहा है।



घटना के संबंध में मोहाली के सोहाना पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और विस्फोटक अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि राज्य में माहौल खराब करने वालों को ''कड़ी से कड़ी'' सजा दी जाएगी।

गौरतलब है कि मोहाली में सेक्टर 77 स्थित पुलिस के खुफिया इकाई के मुख्यालय परिसर में सोमवार रात रॉकेट चालित ग्रेनेड से हमला किया गया था, जिससे इमारत की खिड़कियों के शीशे टूट गए थे। इस घटना को एक बड़ी खुफिया विफलता के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि इस इमारत में राज्य की 'काउंटर इंटेलिजेंस विंग', विशेष कार्य बल और कुछ अन्य इकाइयों के कार्यालय हैं। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। राजनीतिक दलों ने इसे ''परेशान करने वाली'' और ''चौंकाने वाली'' घटना करार दिया है।

## कमजोर पड़ा गंभीर चक्रवाती तूफान असानी आईएमडी ने आंध्र तट के लिए जारी की चेतावनी

नई दिल्ली (एजेंसी) । गंभीर चक्रवाती तूफान असानी रात भर में कमजोर होकर चक्रवाती तूफान में बदल गया है और बुधवार की सुबह आंध्र प्रदेश पर केंद्रित हो गया। आईएमडी ने वहां के तटीय क्षेत्रों के लिए चेतावनी जारी की है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि यह तडक़े 2.30 बजे एक चक्रवाती तूफान में बदल गया है।

बंगाल की खाड़ी के पश्चिम-मध्य के ऊपर चक्रवाती तूफान असानी 6 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तर-पश्चिम और मछलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश) से लगभग 50 किमी दक्षिण-दक्षिण पूर्व में काकीनाडा (आंध्र प्रदेश) से 150 किमी दक्षिण-पश्चिम में 5.30 बजे केंद्रित था। ये विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश) से 290 किमी दक्षिण-पश्चिम में, गोपालपुर (ओडिशा) से 530 किमी दक्षिण-पश्चिम में और पुरी (ओडिशा) से 640 किमी दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ा।

आईएमडी बुलेटिन में कहा गया है कि अगले कुछ घंटों में इसके उत्तर की ओर बढऩे की संभावना है और बुधवार को दोपहर से शाम के दौरान नरसापुर, यनम, काकीनाडा, तुनी और विशाखापत्तनम तटों के साथ उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर धीरे-धीरे बढ़ेगा और इसके आज रात तक उत्तर आंध्र प्रदेश के तटों से पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी में उभरने की संभावना है।



बुधवार के लिए, आईएमडी ने अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा की भविष्यवाणी की है, कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ तटीय आंध्र प्रदेश में अलग-अलग अत्यधिक भारी वर्षा और दक्षिण तटीय ओडिशा में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा की संभावना है।

इसी तरह, गुरुवार को, उत्तर तटीय आंध्र प्रदेश, ओडिशा के तटीय क्षेत्रों और पश्चिम बंगाल में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

चेतावनी और पूर्वानुमान में पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर केंद्रित प्रणाली के आसपास प्रचलित 75-85 किमी प्रति घंटे से लेकर 95 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली आंधी हवा की गति भी शामिल है, जो दोपहर तक धीरे-धीरे घटकर 65-75 किमी प्रति घंटे से 85 किमी प्रति घंटे हो जाएगी।

आईएमडी ने आंध्र प्रदेश के कृष्णा, पूर्वी और पश्चिमी गोदावरी जिलों और पुडुचेरी के यनम के निचले इलाकों में बाढ़ की संभावना के कारण खगोलीय ज्वार से लगभग 0.5 मीटर की ऊंचाई पर तूफान की चेतावनी दी है। मछुआरों को मछली पकडऩे की गतिविधि को पूरी तरह से निलंबित करने की चेतावनी जारी की गई है।

## स्वदेशी ऐप का उपयोग करें, लोकप्रिय बनाएं : सीएम योगी

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कू ऐप के संस्थापकों से मिले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

लखनऊ ,11 मई (आरएनएस)। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करने के लिए स्थानीय उत्पादों के संरक्षण और उनको प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर उत्तर प्रदेश के नागरिकों से स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने पर जोर दिया।



**सरकार की योजनाओं से जुडऩे के लिए स्वदेशी एप का करें उपयोग**

मुख्यमंत्री ने बुधवार को लखनऊ में् यशश ऐप के फाउंडर्स अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिद्वतका से मुलाकात की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को स्वदेशी ऐप का उपयोग और समर्थन करना चाहिए. भारत का अपना भाषा-आधारित माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म होने के कारण राज्य के लोगों को सरकार की पहल से जुडऩे के लिए स्वदेशी ऐप का उपयोग करना चाहिए. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के लोगों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के अपने विजन के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, जनता और सरकार के बीच की दूरी को खत्म करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल किया जाना चाहिए ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति लाभान्वित हो सके.

इस मौके पर् यशश ऐप के ष्टश्वह्र और को-फाउंडर अप्रमेय राधाकृष्ण ने भी मुख्यमंत्री योगी जी की तारीफ करते हुए कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से आज मुलाकात कर और उनका विजन जानकर काफी खुशी हुई. मुख्यमंत्री जी का मानना है कि जनता और सरकार के बीच गहरा संबंध होना चाहिए ताकि जनता को तेजी से सारे अपडेट दिए जा सकें और नागरिकों के मुद्दों को हल किया जा सके. मुख्यमंत्री ने नागरिकों को स्वदेशी ऐप का उपयोग करने और आत्मानिर्भर उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भी प्रोत्साहित किया.

